## खबर संक्षेप

### अलग अलग क्षेत्रों में 3 ने फांसी लगा दी जान

**कटनी।** माधवनगर, विजयराघवगढ़ एवं ढीमरखेड़ा क्षेत्र में फांसी लगाने से तीन व्यक्तियों की मौत हो जाने की घटना हुई। तीनों मामलों में सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगला लाईन में रवि तांबे पिता कंछेदी तांबे (40) निवासी पीएम दाल के पीछे बंगला लाइन की फांसी लगाने से मौत हो गई है। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलौड़ी में रोहित पिता बाल गोविंद चक्रवर्ती (19) निवासी ग्राम सिलौड़ी ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरिया में कमलभान सिंह राजपूत पिता रामप्यारे सिंह राजपूत (38) निवासी ग्राम टिकरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए बेरोजगार युवाओं को स्वपरोजगार स्था पित करने भगवान बिरसा मुण्डा स्वेरोजगार योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। इसके तहत रूपए 1 लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकृति की अन्य परियोजनाऐं। सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय जैसे ब्यूटीपार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय हेतु परियोजना राशि 1लाख रूपये से 25 लाख रूपये तक एवं पात्रता 18 से 45 वर्ष आयु, न्यनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय रूपए 12 लाख से अधिक न हो। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित / शेष ऋण नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर दिया जावेगा एवं राज्यं शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी।

### पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत जरवाही में पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है । यह निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग एवं मनरेगा मद से कराया जाएगा । इस कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया है । निर्माण कार्य से 1 हजार 149 मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। कलेक्टर श्री यादव ने जारी आदेश में कहा है कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फर्स्ट एड किट, छाया की व्यवस्था, छरू वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों पर झूला घर, छरू वर्ष कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देख-रेख हेतु रखा जाए।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की हुई मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खलेंधा निवासी संजय सिंह पिता मोहन सिंह 40 ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। इलाज दौरान मौत हो गई है।

## एसपी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस ने की नाइट काम्बिंग गश्त, शराब के अवैध ठिकानों पर दबिश

# एक सैकड़ा वारंटी गिरफ्तार, 23 वाहन किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में कांबिंग गस्त की गई। सबसे पहले एसपी विश्वकर्मा ने कोतवाली थाना परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को कांबिंग गस्त के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में ब्रीफ किया। इसके बाद सारी रात पूरे जिले में सड़कों के साथ-साथ गाली चौराहों में पुलिस टीमें आपराधिक तत्वों की तलाश में घूमती रही। रात भर में पुलिस ने एक सैकड़ा से अधिक वारंटियों को दबोचने के साथ साथ, अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देते हुए निगरानी बदमाशों के घर जाकर उनके संबंध में जानकारी एकत्र की।

पुलिस कप्तान ने बताया कि शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधिक तत्वों के हौसले तोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बीती रात पूरे जिले में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थाना और चौकी प्रभारियों के द्वारा कांबिंग गस्त की गई। गस्त के दौरान सड़को पर



विशेष चेक प्वाइंट लगाकर ब्रीद एनालाइजर के जरिए शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं सड़क पर उत्पात मचाने वाले लोगों की जांच की गई। जांच के दौरान जिले भर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 23 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 23 वाहन जप्त किए गए।

### गश्त में ये हुई कार्यवाही

कांबिंग गस्त करते हुए पुलिस टीमों ने एक सैकड़ा से भी अधिक वारंटियों की घर पकड़ की। कार्रवाई के क्रम में कुल 75 गिरफ्तारी वारंट, 34 स्थाई वारंट तामील कराए गए। पुलिस टीमों के द्वारा 67 निगरानी गुंडा बदमाशों को उनके घर जाकर चेक किया गया। 19 अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा। दो जुआ फंडों पर भी इस दौरान कार्यवाही करते हुए जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 59 निगरानी बदमाशों की भी खोज खबर लेते हुए उन्हें अपराध से तौबा करने की हिदायत दी गई।

एसपी विश्वकर्मा ने आम जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी तरह की अपराधिक या संवेदनशील गतिविधि की जानकारी लगते ही तत्काल इसकी सूचना समीपवर्ती थाने या फिर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक रूप से दें। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### बाइक चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



एनकेजे पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि गत 20 अप्रैल को पंकज कुमार द्विवेदी निवासी दुबे कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि घर के बाहर खड़ी उसकी पल्सर मोटर साईकिल को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। आसपास तलाश किया पर पता नही चल सका। शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मोटर साईकिल के संबंध में क्षेत्र के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर मोटर साईकिल तलाश शुरू की गई। मुखबिर से सूचना मिली की सीसीटीव्ही से प्राप्त फोटो के हुलिये जैसे दो व्यक्ति शनि मंदिर के पास बैठे है। सूचना पर तत्काल मोके पर रवाना होकर एनकेजे थाने की पुलिस ने दोनो व्यक्तियो को घेरा बंदी कर पकडा। जिसे अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विकाश भुमिया पिता अनिल भुमिया 19 साल निवासी सॉईमंदिर के पास छोटी खिरहनी एवं अभय उर्फ मंजा भुमिया पिता राजेश भुमिया 20 साल निवासी खिरहनी का बताया। कडाई से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म करना स्वीकारते हुए बताया कि एक काले रंग की पल्सर को उन्होंने दुवे कॉलोनी से चोरी किया था, जिसे अभय उर्फ मंजा भुमिया ने बाबा घाट पेट्रोल पंप के पास बने तलाब के झाड़ियों में छिपा दिया था। आरोपी द्वारा बताये स्थान पर जाकर विधिवत जप्ती की कार्यवाही की गई। दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी. अनिल यादव, प्र०आर० गणेश दत्त मिश्रा, प्रहलाद सैयाम, प्र.आर. प्रमोद सिंह, आर. राजेश काछी, आर. राजेन्द्र पटेल की भूमिका रही।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई, दो बाइकें जब्त

शराब के नशे में वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि गर्ग चौराहा में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान लगाया गया जिसमें 2 मोटर सायकिल वाहन क्रमांक MP-21-MK-5308 एवं MP-21-MM-0424 के वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। दोनों वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये गये। उक्त दोनों वाहन चालकों का जिला अस्पताल कटनी से मुलाहिजा कराया गया। बाद में वैधानिक कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश की की गयी।



# एएसपी ने ली बैठक, कहा समस्याओं की दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया द्वारा शहर एवं देहात थानों में पदस्थ संमस वारंट मददगार एवं जिला न्यायालय में पदस्थ कोर्ट मुंशीयों की बैठक ली गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा माह में प्राप्त एवं तामील हुए समंस वारंटो की समीक्षा की गई ।बैठक में सीसीटीएनएस ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त संमस वारंटो को थाने में संमस वारंट मददगार द्वारा संमस वारंट निष्पादन एवं तामीली सत्प्रतिशत कराए जाने हेतु निर्देशित किया। एवं ऑनलाइन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं से अवगत कराने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

## प्राचीन बावड़ी में मनाया गया उत्सव

**उमरियापान।** जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा द्वारा विकासखंड स्तर पर बावड़ी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दशरमन में स्थित अति प्राचीन बावड़ी (बीहड़)में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम किया गया। जल संरक्षण की दिशा में हुए कार्यक्रम में लगभग 200 वर्ष से भी अधिक प्राचीन बावड़ी में विशेष पूजन-अर्चन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं ने बावली को रंगोली,पेंटिंग पोस्टर, फूलों और आम के पत्तों झालरों से सजाया। इसके पहले बाबड़ी में श्रमदान कर साफ सफाई की गई।जल संरक्षण के संदेश के साथ गांव में कलश निकाली गई।

बावड़ी में रामायण पाठ का आयोजन किया गया। प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,समाजसेवी भारत शुक्ला और सचिव विजय दुबे ने जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं, प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया।



## खेत में गांजे के पौधे लगाने पर की गई कार्यवाही



बिलहरी चौकी पुलिस ने मूंग की फसल के साथ गांजे के पौधे उगाने वाले एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खेत से चार नग गांजे के पौधे बरामद किए है। बरामद किए गए पौधों की कीमत लगभग 20000 रुपए आंकी गई है। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया। सूचना मिली थी कि ग्राम सुनाई में एक व्यक्ति अपने खेत में मादक पदार्थ गाजे के पेड़ लगाए हुए हैं। उक्त सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां संदेही के खेत में उड़द की फसल के साथ गांजे के पेड़ लगे हुए पाए गए। संदेही के पास से गांजे के पेड़ कीमती 17600 रुपए जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# 63 लीटर देशी शराब सहित स्कूटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक युवक को माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी में भर कर शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दविश दिया गया जिसमे एक व्यक्ति स्कूटी नंबर MP 21 NP 3772 में प्लास्टिक की तीन बोरी में शराब पाव भरे हुए थे जिसकी तलाशी लेने पर देशी मदिरा शराब रखी हुई मिली जिससे शराब विक्रय किए जाने संबंधी दस्तावेज मांगे गए जो कोई वैध लायसेंस नहीं होना बताया। नाम पता पुछनें पर अपना नाम रितिक भोजवानी पिता गोकुलदास भोजवानी निवासी हास्पिटल लाईन माधवनगर बताया।



आरोपी रितिक भोजवानी के पास शराब विक्रय का दस्तावेज न होने से 350 पाव देशी प्लेन/मशाला अवैध शराब कुल 63 लीटर की 35000/- रुपये जप्त कर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। आरोपी से घटना में वाहन जप्त की गई। आरोपी द्वारा यह माल कहाँ से लाया जा रहा था जिस संबंध में पूछताछ हेतु आरोपी को पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया की वह हाट मेलों में गुपचुप तरीके सें फुटकर शराब बेचता रहता है। पुलिस नें प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही में सउनि यज्ञनारायण आर.राघवेन्द सिंह, विनोद विश्वकर्मा .अनूप सिंह .मणी सिंह आदि प्रमुख भूमिका रही।

*फुटपाथ पर दुकानों की सामग्री रखने एवं पार्किंग से लग रहा जाम*

# अतिक्रमण से जाम की समस्या से हर रोज लोगों को होना पड़ता है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान में प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। यहाँ कोई भी सड़क ऐसी नहीं है, जहां जाम की समस्या से लोग परेशान नहीं हैं। सड़क किनारे दो पहिया व चार पहिया वाहनों को खड़ा करना जाम का प्रमुख कारण है।इसके अलावा दुकानदार दुकानों बाहर तक कब्जा कर रखा है। इस समस्या पर स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उमरियापान में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक की। झंडा चौक हो या बस स्टैंड या फिर आजाद चौक सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोग जाम में परेशान होते रहते है। बरातरे,



स्लीमनाबाद रोड़,झंडा चौक मुख्य बाजार,सिहोरा रोड के अलावा अन्य जगहों पर रुक-रुक कर जाम से लोग पूरे दिन जूझते रहे। मिनटों का सफर घंटों में तय करने को स्थानीय लोग मजबूर हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालकों द्वारा कहीं पर भी अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

उमरियापान का मुख्य चौराहा झंडा चौक, अँधेली बाग, बस स्टैंड पर अतिक्रमण होने के कारण मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम लगता है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है।यहाँ वाहनों की पार्किंग के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं है। इससे लोगों को वाहनों के साथ ही खरीदी के लिए बाजारों में जाना पड़ रहा है।ऐसे में जिसकी जहां मर्जी होती है, वहां वाहन खड़े कर देते है। बेतरतीब खड़े इन वाहनों के कारण राहगीरों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है। भारी वाहनों के निकलने से भी जाम की स्थिति बनती है।हर दिन प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जिससे दुर्घटनाएं व विवाद होने के हालात भी बन जाते हैं। सड़क किनारे वाहन खड़े कर दिए जाने से पैदल निकलने वालों को भी असुविधा होती है। जाम में कई बार एम्बुलेंस और जननी वाहन भी फंस जाते हैं। जाम के कारण इनका निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

## जाकिर हुसैन वार्ड के मुक्तिधाम एवं उद्यान परिसर में किया गया पौधारोपण

# महापौर ने पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश स्तर पर चलाएं जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान३ के तहत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर में आयोजित किए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित शिवधाम उद्यान एवं मुक्तिधाम परिसर में नीम एवं अशोक का पौधा रोपकर प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाया।

कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, स्थानीय पार्षद रेखा संजय तिवारी, शकुंतला सोनी सहित समाजसेवी कमल केवट, नीलिमा झा एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने लोगों से पौधारोपण को अपना संस्कार बनाने





की अपील करते हुए कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वृक्ष न केवल हमें प्राण वायु देते है बल्कि अनेक वन्य जीवों व पक्षियों को आसरा देने के साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाने में भी सहयोग करते है। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि हरियाली ही हमारी विरासत है। इसकी परिकल्पना को साकार करने तथा वायु की शुद्धता को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का भी आह्वान महापौर ने उपस्थित जनों से किया। इसके पूर्व महापौर श्रीमति सूरी द्वारा निगम के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर कई प्रजाति के फलदार एवं फूलदार वृक्षों का रोपण उद्यान एवं मुक्तिधाम परिसर में किया जाकर इनके उचित देखरेख करने के निर्देश निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिए।

पौधारोपण कार्यक्रम में सत्यदेव द्विवेदी, गोविंद प्रसाद हल्दकार, अशोक ग़हूरे, हाजी साबिर अली, मुन्ना कोल, शत्रुघन कोल, रहमत उल्ला, रवि मिश्रा, दिनेश मिश्रा सहित मातृ शक्ति संगीता मेहरा, बकरीदा बेगम , रामकली बाई, राधा केवट,भावना पाण्डेय,रूपा पटेल, मंजू प्यासी मौजूद रहीं।

# आरटीई व विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए जारी पहली आवंटन सूची के अनुसार अब अभिभावकों को 10 जून तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि इस बार कटनी जिले में कुल 1736 प्राप्त आवेदनों में सत्यापन उपरांत निजी विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश हेतु 886 सीट का आवंटन लॉटरी के माध्यम से हो चुका है। सहायक परियोजना समन्वयक ने बताया कि संबंधित अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल आवंटन की स्थिति आधिकारिक पोर्टल पर भी देख सकते हैं। परिणाम पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं। आरटीई के तहत जिन बच्चों का नाम लॉटरी में आया है उन्हें 10 जून तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। संबंधित स्कूलों में पहुंचकर अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमिशन की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर करा सकते हैं ।

प्रथम चरण में जिन बच्चों द्वारा आवंटित स्कूल में एडमिशन नहीं लिया जाएगा उस स्थिति में विद्यालयों की रिक्त सीटों में दूसरे चरण में लॉटरी के माध्यम से प्रथम चरण मे सम्मिलित न हो पाने वाले बच्चों को प्रवेश के अवसर प्राप्त होंगे। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जा सकेगा ।

## खबर संक्षेप



### वाहनों की बैटरी चोरी करने वाला पकड़ाया

**कटनी।** बाकल पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बाकल में अज्ञात चोरो द्वारा वाहनो की 02 बैटरी कीमती 13400/- रूपये चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर चोरो की तलाश के लिए टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। संदेही आरोपी मनीष पटेल पिता भिल्ली उर्फ रामनाथ पटेल उम्र 19 साल निवासी बाकल थाना बाकल से पूछताछ करने पर उसने 02 बैटरी कीमती 13400/- रूपये की चोरी करना बताया। उक्त आरोपी ने बताया की उसका एक साथी एक अन्य वाहन की बैटरी चुरा कर फरार हो गया है। प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की धर-पकड़ जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, उनि बीएल ठाकुर, प्रआर. अवधेश मिश्रा, प्रआर शिवसिंह, आर. सूरलाल, आर. अंकित, सैनिक अशोक तिवारी की भूमिका रही।

### सीएमएचओ का दमोह किया गया तबादला

**कटनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश अठया को कटनी से हटाकर दमोह स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह पर जिला अस्पताल में ही पदस्थ जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी को सीएमएचओ का पदभार दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिन पूर्व में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलराज अमर सिंह द्वारा प्रदेश के स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ल से सीएमएचओ राजेश अठया कि लिखित शिकायत दी गई थी जिसके बाद उनका तबादला कर दिया गया।

### विभिन्न वार्डों में कराया जा रहा रासायनिक धुएँ का छिड़काव

**कटनी।** शहर में संचारी रोगों की रोकथाम के हेतु कटनी नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा विशेष फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत शनिवार को वार्ड क्रमांक 23 एवं 24 में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गलियों में फॉगिंग की गई। मच्छरों के आतंक को रोकने के लिए शनिवार निगम के दो वार्ड 23 एवं 24 में सघन अभियान चलाया गया।जिनमें पाठक गली, प्यासी चौक, पुरवार पुतली धम गली, खटकानी गली, नगर निगम गली, मीट मार्केट मैदान, कच्छवाहा गली, बर्मन माहौल, सुखन चौक,आजाद चौक, भूरा पहलवान गली, मिशन चौक सहित अन्य स्थानों में फॉगिंग मशीन से रासायनिक धुएँ का छिड़काव किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम करना है। फॉगिंग से मच्छरों के प्रजनन पर अंकुश लगेगा।यह कदम आगामी मौसम में होने वाली संचारी बीमारियों की रोकथाम में मददगार साबित होगा।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 को

**कटनी।** जिला स्तेरीय संयुक्तत परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों की लंबी शर्तों के भुगतान के निराकरण पदोन्न ति क्रमोन्निति और समयमान वेतनमान के आदेश जारी होने की स्थिति सामान्य भविष्यठ निधि खाते से आहरण की जानकारी, डुप्ली केट सेवा पुस्तिकाश, सामान्या भविष्यध निधि पासबुक और डी.पी.एफ. पासबुक का संधारण, अंशदायिक पेन्शिन योजना 2005 के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के अद्यतन करने सहित अन्यभ मामलों की समीक्षा की जाएगी।

## लुका छिपी एवं रिमझिम बारिश में ही निकल गए बादल, मानसून सक्रिय होने में देर

# मौसम साफ होने के बाद अब नौतपा से भी ज्यादा झुलसा रही तल्ख किरणें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इस बार नौतपा में इतनी गर्मी नहीं हुई जितनी की वर्तमान समय में हो रही है। नौतपा के दौरान आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही जिससे अधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा। अब जब नौतपा समाप्त हो चुके हैं और मौसम भी साफ हो चुका है ऐसे में सूर्य की तल्ख किरणें झुलसा रही है। गर्म हवाओं के थपेड़ों की वजह से दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। अधिक गर्मी की वजह से मौसमी बीमारियां भी पैर पसार रहीं हैं। चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर अपने जरुरी काम निबटाने निकले लोग धूप में बेहाल नजर आ रहे हैं। मौसम के मिजाज का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। तेज धूप के कारण इन दिनों दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज पड़ रही है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग टोपी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से आम




जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है,

### बचाव के लिए करें ये उपाए

डाक्टरों ने जिले के आमजन को अवगत कराया गया है कि माह मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी व उपाय बरतें। गर्मी के मौसम में प्रायः हीट रैशेस, डीहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक की स्थिति निर्मित हो सकती है। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी में घर से बाहर निकलते समय सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें, ढीले सूती कपडे. पहनें। इसके साथ ही हमेशा पानी तथा तरल पेय पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करें।

### बच्चों व वृद्धजनों को धूप से बचाये

बाहर जाते समय अपने साथ हमेशा पानी रखें, गर्मी के मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही बच्चों को अत्यधिक गर्मी महसूस होने पर घर के अंदर आने की सीख दें। बुजुर्ग व्यक्ति धूप में बाहर न निकलें। इन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिये प्रेरित करें।

### इन उपायों को अपनाएं

चिकित्सकों ने सलाह में बताया कि गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। अत्यधिक गर्मी होने पर ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो, तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। लू लगने पर तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, गर्म लाल सूखी त्वचा, शरीर का तापमान अधिक होना, उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना जैसे लक्षण प्रतीत होते हैं। लू से प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तौर पर तुरंत छायादार जगह पर लिटाकर हवा करें, ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शरबत आदि देना चाहिए। अधिक समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराना चाहिये।



## शराब पीकर वाहन चलाने पर चार बाइकें किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार अमरपुर रोड बस स्टैंड बरही में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 20वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से चैक किया गया जिसमे 4 मोटर सायकिल वाहन क्रमांक MP-21-MK-7458 एवं MP-18-A-5572 एवं एक बिना नंबर की होंडा शाइन एवं चौकी खितौली में MP19MZ 4899HF डीलक्स के वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण पर वाहन चालक शराब के नशे में पाये गए।

### न्यायालय में किया पेश

शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर चारों मोटर साइकिल मौके पर जप्त कर उक्त चारों वाहन चालकों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरही कटनी से मुलाहिजा परीक्षण भी कराया गया धारा 185 मोटर व्हीकल के तहत वैधानिक कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय पेश किया जावेगा ।

## भारत की पहली आधुनिक वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक का शुभारंभ

# संस्कारधानी वासियों को मिलेंगी आधुनिकतम श्रवण स्वास्थ्य सुविधाएं

**जबलपुर।** जटिल से जटिल श्रवण समस्याओं का निदान अब एक ही छत के नीचे संभव है। संस्कारधानी ही नहीं समूचे भारत की सबसे आधुनिक क्लिनिक का शुभारंभ रविवार शाम को जबलपुर में हुआ। अतिथियों ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर की शान बनेगा, इसने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जबलपुर को महानगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि यहां हर वर्ग स्वास्थ्य लाभ उठा सकता है, शासकीय योजनाओं का लाभ भी इस क्लिनिक के माध्यम से उठाया जा सकता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके कौल ने फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसे मध्यभारत का ही नहीं बल्कि समूचे भारत की आधुनिक क्लीनिक कहना गलत नहीं होगा। मेरी आशा है कि संस्कारधानीवासी और आसपास के लोग यहां आकर बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे उन्हें



सारी सुविधाएं मिलेंगी। अतिथि विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर के लिए एक बड़ी सौगात है। अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू की विशेष उपस्थिति रही। रसल चौक, बराट रोड समदड़िया होटल के समीप स्थित क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. विशाल मेहरा,अविनाश पवार, एमडी एंड सीईओ डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी, किशलय चक्रवर्ती, बिजनेस हेड सिग्निया, अक्षय गुप्ता असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट हिअर डॉट कॉम, मोहन स्वामी हेड ऑडियोलॉजिस्ट डब्ल्यू ऑडियोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास दौरासला, ईएनटी सर्जन और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ग्लोडेट यूनिवर्सिटी की फॉर्मर प्रोफेसर डॉ. संयोक्ता जायसवाल और वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक की एमडी डॉ सोनल मेहरा मौजूद रहीं।

## बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़

### विभिन्न राज्यों में छापेमारी में 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नकली कृषि रसायन ज़ब्त

**जबलपुर।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकर्ताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था।

## नंदन फलोद्यान योजना का लाभ लेकर किसान कर रहे दोगुनी आय अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन द्वारा द्वारा ग्रामीण किसानों की आय बढाने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्ही योजनाओं में से एक योजना मनरेगा (महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना) के तहत नंदन फलोद्यान उपयोजना सर्व प्रिय बनी हुई है। जिसके तहत ग्रामीण अपनी मुख्य फसल के साथ ही अन्य फसलें एवं बागवानी फसलों से आय बढा सकते हैं। इसी नंदन फलोद्यान उपयोजना के माध्यम से जनपद पंचायत रीठी क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण किसानों को लांभावित किया जा रहा हैं। योजना के तहत केशरी सिंह पिता बान सिंह निवासी ग्राम पंचायत वसुधा ने आम और अमरुद का पौधा रोपण कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं।जनपद पंचायत रीठी एवं ग्राम पंचायत वसुधा के सचिव जमील खान से केशरी सिंह को नंदन फलोद्यान योजना की जानकारी मिली थी। बस फिर क्या था, केशरी ने अपने खेत के मेंढ़ों में आम ,अमरूद, के 100 पौधे लगाये। हाईब्रिड प्रजाति के अमरूद के लगायें गये पौधे पिछले साल से ही फल देने लगे थे।उनकी जमीन में सिंचाई का साधन भी है। इसलिए वे खेत में परंपरागत गेहूं,धान की खेती के साथ- साथ सब्जियों जैसे भिंडी,प्याज, टमाटर,अदरक के साथ ही पपीता के भी पौधे लगाए थे। बीते साल केशरी ने रीठी के बाजार में अच्छी कीमत में अमरुद भी बेचे थे। अब आम के पेड़ , आम के फलों से लदे हुए हैं।

## नैतिक मूल्यों के हास से देश का हो रहा पतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में माउंट आबू स्थित मुख्यालय में अखिल भारतीय साधु संत महासम्मेलन में कटनी के विलायत कला से वीरेंद्र तिवारी त्यागीजी महाराज, पुष्पेंद्र महाराज, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पंडित निलेश पाठक, विजय शुक्ला ने सहभागिता की ।

कार्यक्रम आयोजित कराने का उद्देश्य बताते हुए आयोजको के कहा कि प्राचीन काल से भारत में धर्म सत्ता को ऊंचा स्थान दिया गया है धर्म गुरुओं की समाज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन में अहम भूमिका थी । वे समाज के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्त्रोत थे । परंतु समय के परिवर्तन और नैतिक




मूल्यों की हास के कारण भारत का पतन हुआ है ।

### प्रत्यक्ष दिख रहे हैं लक्षण

आज देश में हिंसा भ्रष्टाचार और अति धर्म ग्लानि के सभी लक्षण प्रत्यक्ष है भारत में पुनः वही अहिंसा परमोधर्मः युक्त राम-राज्य लाने में धर्म नेताओं की मौलिक भूमिका है । किसी भी समाज के उत्थान का आधार है धर्म निष्ठा और आध्यात्मिक सशक्तिकरण आत्मा और परमात्मा की सही पहचान और गुणो एवं आध्यात्मिक शक्तियों से स्वयं को समर्थ बनकर ही काम क्रोध आदि मनोविकारों और उनसे उत्पन्न होने वाली सामाजिक कुरीतियों पर विजय पाई जा सकती है। सम्मेलन का उद्देश्य परमपिता परमात्मा शिव द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के माध्यम से दिए गए बहुमूल्य गीता ज्ञान रूपी श्रीमद् को संतो विद्वानों एवं विचाराको के द्वारा जनमानस पहुंचना है।

## अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप बताई समस्या

# स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर के नहीं आने से आक्रोश, मरीजों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी और शासकीय डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर सिलौड़ी क्षेत्र में जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि और युवक कांग्रेस सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष पंडित रवि अवस्थी ने शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौड़ी में पदस्थ शासकीय चिकित्सक डॉ. विकास सिसोदिया को सप्ताह में कम से कम तीन दिवस नियमित रूप से सेवा देने के लिए निर्देशित किया जाए।

रवि अवस्थी ने बताया कि डॉ. सिसोदिया की औपचारिक नियुक्ति सिलौड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई है, परंतु उनकी नियमित अनुपस्थिति के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की अनुपलब्धता की वजह से मरीजों को इलाज के लिए या तो कटनी या जबलपुर जाना पड़ता है या फिर झोला छाप डॉक्टर पर निर्भर रहना पड़ता है। क्षेत्र में अनेक दबंग झोला छाप डॉक्टर है जिनके परिजन सत्ता धारी पार्टी के वरिष्ठ नेता है । गरीबों मरीजों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।

### सिर्फ नाम का अस्पताल

ज्ञापन में रवि अवस्थी ने उल्लेख किया कि लंबे समय से सिलौड़ी स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम का बना हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को न तो समय पर डॉक्टर मिल पाते हैं, न ही दवाइयां या उपचार की अन्य जरूरी सुविधाएं। इस स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इतनी दयनीय है कि ग्रामीण जन इसे केवल भवन कहकर पुकारने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बात करती हैं, तो उसका असली मूल्यांकन तब होता है जब इन सेवाओं का सही संचालन हो।

उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर विकास सिसोदिया की अनुपस्थिति से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को निजी वाहनों से जबलपुर ले जाना पड़ता है ।

रवि अवस्थी ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र ही डॉ. सिसोदिया की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं करता है, तो युवक कांग्रेस जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने इस विषय को लेकर आगामी दिनों में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की बात भी कही।

उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन इस गंभीर जनसमस्या को समझेगा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौड़ी में चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराएगा, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवा का मूल अधिकार प्राप्त हो सके।

## राधास्वामी सत्संग भवन पहुंच मार्ग में डामरीकरण से सुगम होगा आवागमन

# 16 लाख रूपए से होने वाले डामलीकरण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपनगरीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले महाराणा प्रताप में राधास्वामी सत्संग व्यास पहुंच मार्ग में लगभग 15.98 लाख रुपए की लागत से कराए जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन रविवार को पूर्ण विधान विधान एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी एवं राधास्वामी सत्संग भवन के सेकेट्री श्री अनिल गोविंदानी सहित निगम के पार्षदों एवं सत्संग भवन से जुड़े सिंधी समुदाय के श्रद्धालुओं के साथ कुदाली चलाकर डामरीकरण कार्य के शुभारंभ की नींव रखी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन, सुरेन्द्र गुप्ता, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद



शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी पूर्व पार्षद राजू माखीजा सहित काफी संख्या में सिंधी समुदाय के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

### बहुप्रतिक्षित मांग पूर्ण होने पर महापौर ने दी बधाई

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन सहित खजुराहो लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा के सहयोग से नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में आज राधास्वामी सत्संग भवन पहुंच मार्ग के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन आप सभी के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। इस सड़क निर्माण



की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। स्थल पर डामरीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से सत्संग भवन में आनें जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।


कार्यक्रम के दौरान बड़ी सौगात मिलनें पर सत्संग भवन के श्रद्धालुओं द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, स्थानीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन एवं निगम के जनप्रतिनिधियों का शाल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया जाकर सड़क डामरीकरण की सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### सत्संग का लिया पुण्यलाभ

इसके पूर्व श्रद्धालुओं को सौगात देने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी द्वारा राधास्वामी सत्संग भवन में आयोजित हो रहे सत्संग का पुण्य लाभ परिसर में उपस्थित अन्य श्रोता श्रद्धालुओं के बीच बैठक अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान घनश्यामदास पाहूजा, विजय चांदवानी, सुरेश लालवानी, सोनू मनवानी, राजा रंगलानी, हेमंत छावड़ा, आकाश मंगलानी, नरेश रत्नानी, राजेश जेतवानी, आयुष गोगा, इंद्रजीत नागवानी, सलिल गोगवानी सहित मातृ शक्ति श्रीमती ज्योति टोपनानी, रेनू आहूजा, रितु रंगलानी, वर्षा तख्तानी, मीनू पमनानी, कंचन छावड़ा सहित काफी संख्या में सिंधी समुदाय के भक्तों एवं नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री अश्विनी पांडये एवं निर्माण एजेंसी कंपनी के प्रतिनिधि की मौजूदगी रही।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मामले की सूचना मिलने पर पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार महेश आदिवासी पिता शंकरलाल आदिवासी 30 की सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### गरीबों की सेवा के लिए हमेशा समर्पित डॉ. अमित खरे



**पवई।** पवई जनपद के ग्राम कुंवरपुर में शनिवार को एक हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कुंवरपुर निवासी गोलू (पुत्र हीरा वंशकार, उम्र 5 वर्ष) एवं दीपक (पुत्र छोटू वंशकार, उम्र 8 वर्ष) दोपहर लगभग 12 बजे खेलते-खेलते गांव के समीप स्थित एक तलैया (छोटे तालाब) के पास पहुंच गए। खेलते-खेलते दोनों मासूम पानी में गिर गए और डूब गए। परिजनों द्वारा बच्चों को तत्काल पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से गांव में गहरा शोक व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पवई विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. अमित खरे शव विच्छेदन गृह पहुंचे और शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दोनों परिवारों को 16,000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की और भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बारातियों से भरी पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटी, 10 लोग घायल



**पन्ना।** पन्ना जिले के ककरहटी चौकी अंतर्गत दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां बारातियों से भरी एक पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पन्ना के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायलों में पुरुष, महिलाएं और मासूम बच्चे भी शामिल हैं।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल कल्दा में कार्यशाला सम्पन्न



**पवई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कल्दा द्वारा सेवा सुशासन ग़रीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम पंचायत कल्दा में रविवार 8 जून 2025 को किया गया है। जिसमे समस्त मंडल कार्यकारणी,समस्त मोर्चा कार्यकारणी,समस्त शक्ति केंद्र संयोजक,समस्त बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि गण, मंडल में निवासरथ प्रदेश एवं जिला में पदाधिकारी,वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में मुख्य रूप से अपेक्षित रहे जिला महामंत्री दिपेंद्र परमार, हरिलाल लोधी, मंडल महामंत्री हल्के सिंगरौल, महेंद्र चतुर्वेदी, मंडल उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, सत्यपाल यादव, बलराम यादव, रोहणी यादव, पुष्पराज बुंदेला, धनीराम प्रजापति सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 10 जून को निःशुल्क वृहद आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर जाँच व निः शुल्क औषधिय वितरण होगा

**ब्योहारी।** केशरवानी समाज के संरक्षण में केशरवानी महिला सभा के आयोजन निःशुल्क वृहद आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर जाँच व निः शुल्क औषधिय वितरण होगा ब्योहारी में माननीय जिला आयुष अधिकारी के सहयोग से विशेष उपचार - जोड़ो के दर्द, गठिया वात, कमर, घुटनों , दर्द, सायटिका उच्च रक्त चाप , शुगर, दमा, कब्ज ,पथरी, महिलाओं के समस्त रोग व धात , पुरुषों की कमजोरी, बवासीर, सिर दर्द, माइग्रेन, नशा मुक्ती, मोटापा, तलबे में जलन, व पुरानी खाँसी आदि रोग का उपचार व सलाह दी जाएगी। ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के आस पास और जहाँ लोगों को जनकारी अवश्य ही औषधिय का लाभ उठाऐ।

## रिजर्व में ग्रॉसलैड बढ़ने से बढ़ रही जानवरों की संख्या

# टाइगर रिजर्व में कुलांचे भर रहे काले हिरण बाघों और चीतों के आहार में नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





वीरांगना दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व में विस्थापन के बाद खाली हुए गांवों में घास के मैदान विकसित हो गए हैं, जिससे यहां शाकाहारी जानवरों की तादाद बढ़ रही है टाइगर रिजर्व प्रबंधन के प्रयासों का नतीजा है कि विस्थापित गांवों की खाली हुई खेती की जमीन में घास के मैदान विकसित किए गए. जिसके कारण खासकर काले हिरण की तादाद तेजी से बढ़ रही है. नौरादेही टाइगर रिजर्व में पहुंचने वाले सैलानियों को कुलांचे भरते काले हिरण आकर्षित कर रहे हैं. खास बात ये है कि ये बाघ और भविष्य में चीता संरक्षण के उद्देश्य से शुभ संकेत माने जा रहे हैं

### कुलांचे भरते हुए कैमरे में कैद हुए काले हिरण

टाइगर रिजर्व पहुंचने वाले सैलानियों को काले हिरण झुंड में नजर आ रहे हैं. पिछले दिनों अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने काले हिरण की कुछ फोटो और उनका मस्ती से घास चरने का एक वीडियो बनाया था वीडियो में काले हिरण मस्ती से नौरादेही के ग्रॉसलैंड का आनंद लेते नजर आ रहे हैं. अजय दुबे का कहना है कि काले हिरण ज्यादातर खेत खलिहान के आसपास रहते हैं. इनकी उपस्थिति जंगल के लिए शुभ संकेत है, ये दुर्लभ प्रजाति के हैं यहां पर शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ना बाघों के संरक्षण के लिए भी एक अच्छा संकेत है।

### टाइगर रिजर्व में तेजी से बढ़ रही जानवरों की संख्या

किसी भी टाइगर रिजर्व के फलने-फूलने के लिए बड़े घास के मैदान काफी जरूरी होते हैं. क्योंकि बड़े घास के मैदान होंगे, तो शाकाहारी जानवरों की संख्या काफी होगी और वो बाघ जैसे मांसाहारी जानवरों के पर्याप्त भोजन के लिए एक बेहतर व्यवस्था मानी जाती है. नौरादेही टाइगर रिजर्व की बात करें तो भले ही इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा 20 सितंबर 2023 को मिला हो, लेकिन 2010 में अफ्रीकन चीतों को लेकर हुए सर्वे के चलते यहां 2014 में विस्थापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी अभी भी कुछ बड़े गांवों की विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जिले में काफी गांव विस्थापित होने के बाद यहां पर खाली हुई खेती की जमीन पर ग्रासलैंड विकसित किए गए हैं. इसका नतीजा ये हुआ कि यहां पर शाकाहारी जानवरों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है और काले हिरण काफी ज्यादा संख्या में नजर आ रहे हैं।

### क्यों जरूरी है घास के मैदान

किसी भी जंगल या संरक्षित वन के लिए घास के मैदान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं ये मिट्टी और जंगल के जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ जीव-जंतुओं के लिए आवास प्रदान करते हैं. इसके साथ ही जंगल में रह रहे शाकाहारी जानवरों का भोजन होते हैं. इसके अलावा इनके आवास, प्रजनन और आराम के लिए भी जरूरी होते हैं. इसी को ध्यान में रखकर नौरादेही में तेजी से ग्रासलैंड विकसित किया जा रहा है. पिछले दिनों भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने यहां चीता बसाने के लिए सर्वे किया था और उन्होंने भी प्रबंधन को घास के मैदान बढ़ाने के निर्देश दिए थे

### काले हिरण की संख्या बढ़ने से प्रबंधन खुश

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ए ए अंसारी का कहना है कि टाइगर रिजर्व में काले हिरण के नजर आने का प्रमुख कारण बड़े-बड़े ग्रासलैंड का विकास होना है। टाइगर रिजर्व के आसपास से जो गांव विस्थापित किए गए हैं। वहां पर ग्रासलैंड को विकसित किया गया है. फिलहाल करीब 6-7 प्रतिशत ग्रासलैंड है, लेकिन हमारा उद्देश्य इसको 12 प्रतिशत तक ले जाना है इस समय नौरादेही में कई बड़े-बड़े ग्रासलैंड हो गए हैं. काला हिरण बड़े घास का मैदान पसंद करता है। यहां पर काले हिरण का नजर आना अच्छा संकेत हैं. यहां पर काला हिरण और भेड़ियों का एसोसिएशन है, जोकि काफी अच्छी बात है। इससे इकोसिस्टम को संरक्षित कर हम आगे बढ़ पाएंगे, तो ये बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## खैरी सिंगौरगढ़ सरपंच ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत खैरी सिंगौरगढ़ सरपंच मूरत सिंह लोधी ने अपने जन्मदिन पर ग्राम पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, रानू नामदेव, राजेश सिंघई, रवि शंकर बाजपेई, नीरज जयसवाल, मुकेश ठाकुर, मिथलेश तिवारी, उदय तिवारी, गुड्डा ठाकुर सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### रेगुआ में फसल सुरक्षा दीवार के नाम पर राजस्व जमीन से हो रहा अवैध पत्थर उत्खनन,

**शाहनगर।** जनपद शाहनगर की ग्राम पंचायत रेगुआ में फसल सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य के नाम पर खुलेआम राजस्व भूमि से पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, निर्माण में उपयोग हो रहे पत्थर ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय भूमि से निकाले जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि फसल सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य के पश्चात इन पत्थरों को वैध खदानों से खरीदा दिखाकर फर्जी बिलों का उपयोग किया जाएगा, ताकि दस्तावेजी स्तर पर सभी कुछ सही प्रतीत हो।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा







नगर में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला का नगर आगमन हुआ। नगर के पहले ही भोंडी मंदिर के पास गुरुमहिमा शक्ति साधना परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न संध्या शुक्ला जी एवं राष्ट्रीय महासचिव सिद्धाश्रम रत्न आशीष शुक्ला जी, सिद्धाश्रम चेतना अद्वैत जी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। एवं गुरुमहिमा परिवार के एक पौधा प्रदान किया,साथ संध्या शुक्ला जी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक परिवार को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, वहीं हजारों की संख्या में विशाल रैली जबलपुर रोड हाईस्कूल से प्रारंभ होते हुए बस स्टैंड से विद्यासागर दयोदय गौ शाला प्रांगण पहुंची,

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का ज़ोरदार स्वागत किया गया, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव सहित प्रदेश ओर जिले के पदाधिकारी मंच पर पहुंचे, संध्या शुक्ला जी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया, राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के लिए गुलदस्ता, स्मृति चिन्हों को देकर स्वागत किया है कार्यक्रम की प्रथम बेला में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी दमोह महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललिता पाल को संबोधन के लिए मंच पर आमंत्रित किया।

ललिता पाल ने कहा कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी भय, भूख,भ्रष्टाचार से मुक्त समाज के निर्माण के लिए पार्टी का गठन किया गया है,आज पार्टी की स्थापना हुए 12 वर्ष पूर्ण होने पर नगर तेंदूखेड़ा में सभा का आयोजन किया गया,हमारी पार्टी के लाखों लोग लगातार 12 वर्षों से समाज सेवा, नशामुक्ति आंदोलन,भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी संख्या आवाज उठा रहे हैं, हमारा लक्ष्य सत्ता सुख भोगना नहीं है अपितु समाज में सुधार लाना है।

सभा को संबोधित करते हुए संध्या शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में देश के नेता न तो देश के प्रति वफादार हैं न जनता के प्रति, सत्ता में बैठी पार्टियां धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर सिर्फ़ बोट मांगने का काम करती है, इसको समाज से कोई लेना देना नहीं।भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवारों को विजय बनाकर प्रदेश में भय भूख और भ्रष्टाचार से मुक्त सरकार बन सके है। जिसमें न जाती पाती का भेद होगा न भ्रष्टाचार होगा सारे लोग सामान होगे,इस दौरान हजारों लोगों ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की सदस्यता लेकर समाज सेवा के लिए कार्य करेंगे।

आगामी समय में प्रदेश में हमारी पार्टी की सरकार होगी और नशामुक्त समाज होगा, वही सरकार बनने पर नशा का व्यापार पूर्ण रूप से बंद होगा।

बही भारतीय सच्चे मन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला जी ने अपने संबोधन कहा कि हमारी पार्टी नशा माफिया, भू माफिया, शराब माफियों, भ्रष्टाचारियो से समझौता नहीं करते, गरीब, असहाय की मदद के लिए हमारी पार्टी कार्य कर रही है, बही आम जनमानस से आवाहन किया कि इस पार्टी से जुड़कर अपने तन मन धन से सहयोग करें। कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा गोशाला में गौ माता को पूड़ी खिलाई, कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा ने किया आभार व्यक्त भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने किया । कार्यक्रम में हजारों की संख्याओं में महिलाओं पुरुषों और युवा साथी उपस्थित रहे।

### आबकारी ने तीन स्थानों से 172 लीटर शराब जप्त कर तीन आरोपियों को जेल भेजा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पवई हरीश कुमार पाण्डेय की टीम द्वारा ग्राम जसवंतपुरा थाना अमानगंज से तीन आरोपियो से 172 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर तीन आरोपियो के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हीरा बंजारा पिता देवला बंजारा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा थाना अमानगंज के कब्जे से 04 प्लास्टिक के डब्बों में 56 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची अवैध मदिरा जप्त की गई। भूपेंद्र बंजारा पिता उदा बंजारा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा से 05 प्लास्टिक के डब्बों में 62 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची अवैध मदिरा जप्त की। पूरण बंजारा पिता मन्ना बंजारा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा से 04 प्लास्टिक के डब्बों में 54 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब जप्त की गई।

# जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला ने ली एक और युवक की जान, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, छह बहनों का इकलौता भाई था अमित

हरिभूमि न्यूज, अमानगंज।

अमानगंज क्षेत्र की जनता को लोक लोभावन भाषण देकर उनकी बेश कीमती जमीन को कौड़ियों के भाव खरीद कर अपनी सीमेंट कंपनी स्थापित कर क्षेत्र की जनता को ठगने के अलावा और कोई साधन नहीं रहा है जेके सीमेंट कंपनी से नहीं मिला किसी भी स्थानीय बेरोजगार को रोजगार लेकिन अब मिल रही है



मौत जेके सीमेंट कंपनी के भारी भरकम ट्राला क्षेत्र में मचा रहे तबाही आए दिन काल कल्पित हो रहे राहगीर दुर्घटना का कारण बनी सिंगल रोड जिससे हो रही बाहन दुर्घटना परंतु जिला प्रशासन मोन जेके सीमेंट कंपनी की खुशामद में जिले का पूरा राजतंत्र एवं प्रशासन यहां तो वही कहावत चरितार्थ हो रही है की जी को मारे सो रोबे ... ऐसा ही मामला दिनांक 07 जून 2025 की दरमियानी रात्रि करीब 12:30 बजे का है जिसमें ग्राम देवरा निवासी युवक अमित चौधरी उम्र 20 वर्ष की जेके ट्राला की चपेट में आने से दुखद मौत हो गई फरियादी फुन्दर चौधरी पिता खिलाइयां चौधरी उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम देवरा ने थाना अमानगंज मैं आकर सूचना दी की अमित चौधरी पिता काल्लू चौधरी उम्र 20 वर्ष रात्रि में ग्राम गौरा से अपने घर देवरा आ रहा था परंतु टाटा सर्विस सेंटर के पास मोटरबाइक क्रॉसिंग में अनियंत्रित होकर जा गिरा जिससे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार सीमेंट ट्राला ने कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई बाइक पर सवार दो अन्य साथी राहुल चौधरी 18 वर्ष एवं नकुल चौधरी 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल बताय जा रहे हैं जिनका इलाज बाहर की अस्पतालों में जारी है जैसे ही घटना की जानकारी गांव वालों को लगी तो आक्रोशित होकर समस्त ग्राम की जनता जेके कंपनी के मेन गेट पर पहुंच गई और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने लगी घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस प्रशासन तक पहुंची तो तत्काल मौके पर थाना क्षेत्र के उग्र ग्रामीणों को शांत कराकर मृतक युवक की अंत्येष्टि अपने सामने करा कर राहत की सांस ली सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मृतक अमित चौधरी 6 बहनों का इकलौता भाई था एवं जेके कंपनी में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था परंतु असमय दुर्घटना से अमित का पूरा परिवार गहरे सदमे में चला गया एवं पूरे ग्राम देवरा में शोक की लहर दौड़ गई थाना अमानगंज मैं घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है जिसकी विवेचना अमानगंज पुलिस द्वारा की जा रही है अब देखना है कि विवेचना में कौन से तत्व निकाल कर आ रहे हैं।

# देवेंद्रनगर की ऐतिहासिक मंडी दम तोड़ रही

### किसानों की मजबूरी, व्यापारियों की मनमानी और प्रशासन की उदासीनता ने छीना आर्थिक जीवन

**देवेंद्रनगर।**

'स्थानीय व्यवसाय का कोई निर्धारित बाजार-दिवस नहीं, व्यापारी संगठन निष्क्रिय, कृषि उपज नागौद मंडी की ओर बहती जा रही कृ देवेंद्रनगर की आर्थिक रीढ़ अब कमज़ोर पड़ चुकी है'

कभी बुंदेलखंड की सबसे सुव्यवस्थित और प्रतिष्ठित कृषि उपज मंडियों में शुमार रही देवेंद्रनगर की मंडी आज अपने अस्तित्व की अंतिम साँसें गिन रही है। स्वतंत्रता पूर्वकाल से ही यह मंडी किसानों और व्यापारियों की जीवनरेखा रही है, लेकिन आज यह गुमनामी, शोषण और पलायन की त्रासदी से ग्रस्त है। वर्तमान में स्थिति यह है कि देवेंद्रनगर के 80 से 90 प्रतिशत किसान अपनी उपज बेचने के लिए सतना जिले की नागौद मंडी का रुख कर चुके हैं। स्थानीय व्यापारियों द्वारा उचित मूल्य न देना, समय पर भुगतान न करना और किसानों पर संगठित दबाव बनाना इसके मुख्य कारण हैं। नागौद मंडी में न केवल मूल्य बेहतर मिलते हैं, बल्कि नगद भुगतान भी सुनिश्चित होता है। यह पलायन अब मात्र एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक संकेत बन गया है कि देवेंद्रनगर की मंडी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

### आर्थिक पलायन से स्थानीय व्यवसाय बर्बादी की कगार पर-

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण इस मंडी की गिरावट ने देवेंद्रनगर के संपूर्ण व्यवसाय को प्रभावित किया है। कपड़ा, किराना, कृषि उपकरण, हार्डवेयर और अन्य खुदरा व्यापारों में प्रत्यक्ष गिरावट आई है। जब किसानों की आय और उपभोग क्षमता क्षेत्र से बाहर बहने लगी, तो यहाँ की आर्थिक गति थमने लगी। देवेंद्रनगर में आज तक कोई निश्चित 'ष्बाजार दिवसष' घोषित नहीं किया गया है, जबकि जिले के लगभग हर कस्बे कृ सलेहा, अजयगढ़, शाहनगर, अमानगंज, गुनौर, रैपुरा, सिमरिया, मोहन्द्रा कृ में साप्ताहिक बाजार दिन निश्चित हैं। इससे न केवल वहाँ की व्यावसायिक गतिविधियाँ सुदृढ़ हुईं, बल्कि बाहर से व्यापारियों और ग्राहकों की आवक भी बढ़ी। इसके विपरीत देवेंद्रनगर में न तो गुमास्ता एक्ट का पालन हो रहा है, न ही जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है,ओर न ही शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है। व्यापारी संगठन है। परस्पर सहमति न बन पाने की वजह से योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पा रही है।

### समाधान की राह - एक बाजार दिवस और व्यापारिक अवकाश की घोषणा-

यदि शासन-प्रशासन द्वारा सप्ताह में एक दिन 'ष्बाजार दिवसष' घोषित किया जाए और किसी एक दिन नियमित 'व्यापारिक अवकाश' भी निर्धारित हो, तो यह न केवल किसानों के लिए राहतकारी होगा, बल्कि पूरे क्षेत्रीय व्यापार को भी पुनर्जीवित कर सकता है। यह पहल न केवल आर्थिक दृष्टि से सार्थक होगी, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संतुलन के लिए भी अनिवार्य बन सकती है।

## खबर संक्षेप

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हजारी की तलैया इलाके में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल 29 वर्षीय जितेंद्र अहिरवार ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। उसके साथ काम करने वाले एक युवक से पैसे को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने मौका पाकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में दो घायल


**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र और बक्सवाहा के बीच घने जंगल के पास हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थर से भरी हुई खड़ी ट्राली से बाइक सवार टकरा गए जिससे दो गंभीर रूप से घायल हो गये जिनकी हालत गंभीर बताई गई है। मौके पर 108 वाहन ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### तीन घायल, ग्रामीणों ने बचाई जान

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार पेड़ से टकराकर कुएं में गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

देर रात कचौरा तालाब के समीप एक स्कॉर्पियो गाड़ी पेड़ को लांघते हुए कुएं में जा गिरी। जिसमें सवार तीन युवा गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम वासियों की मदद से घायलों को कुआं से समय रहते बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है की रनेह के समीप ग्राम हिनमतपटी में राजपूत परिवार में शादी थी जिसमें खाना बनाने वालों की पार्टी रनेह से गई थी देर रात खाना बनाने वालों को छोड़ने स्कॉर्पियो गाड़ी क्रमांक MP 04 KG 1254 आई थी। वापस जाते समय कचौरा तालाब के समीप कार अनियंत्रित हो जाने से सड़क छोड़ पेड़ से टकराते हुए कुआं में समा गई। कार में सवार तीन युवकों में एक युवक कार से बाहर कूंद गया, बाकी दो युवक कर सहित कुएं में समा गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए और घायल युवकों को कुएं से बाहर निकाल निजी वाहन सिविल अस्पताल हटा ले गए। गाड़ी में सवार कुलदीप पिता कमलेश राजपूत उम्र 20 वर्ष, प्रदीप पिता कमलेश राजपूत उम्र 17 वर्ष निवासी हिनमतपटी, लक्ष्य पिता सुरेंद्र राजपूत उम्र 17 वर्ष निवासी सागर का उपचार जारी है। कुआं में गिरी स्कॉर्पियो को देखने जनसमूह एकत्रित है।




## ग्राम खोजाखेड़ी में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, 12 घायल

**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम खोजाखेड़ी में पुराने पारिवारिक विवाद और आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हुई। झड़प में दोनों पक्षों के कुल 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत अत्यधिक शराब के सेवन और रोकटोक से हुई। पहले पक्ष के हुमक सिंह ने बताया कि हमारे लड़के को खेत से लौटते वक्त कुछ लोगों ने रोका, जब परिजन बचाने पहुंचे तो लखन सिंह, मम्मा, धर्मेंद्र, अज्जू और किशन ने लोहे की रॉड और फरसे से हमला कर दिया। इस हमले में अमूल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सिवान्स सिंह सहित आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अमूल सिंह को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र लोधी ने बताया कि हमारे पिता, चाचा और उनके बेटे के साथ मारपीट की गई। हमला करने वालों में गणेश, हल्लू, हुकम, मिथलेश, धुर्व, पहलाद, नरेंद्र, पूरन, जमना और संजय शामिल थे। उन्होंने बताया कि फरसा, बका और सब्बल जैसे हथियारों का उपयोग किया गया। हमारे पिता जी अमूल लोधी को भी जबलपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर देहात थाना से उपनिरीक्षक मलखन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह पारिवारिक विवाद है जो पुराने जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है। दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। एक पक्ष के आठ लोगों में दो महिलाएं भी घायल हैं, जबकि दूसरे पक्ष के चार लोग घायल बताए गए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# अग्निवीर की ट्रैनिंग पूर्ण कर गृह ग्राम लौटे शैलेन्द्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक में भर्ती हुए कुलुवा (दिनारी) निवासी कृषि कार्य करने वाले पूरन सिंह लोधी के पुत्र शैलेन्द्र सिंह जैसे ही अपने घर वापिस लौटे तो सभी ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। माता बहनो ने गाँव में प्रवेश करते ही अपने सैनिक की आरती उतार कर बड़े ही धूमधाम से अभिनंदन किया। शैलेंद्र ने बताया कि दादा- दादी, माता पिता, और चाचा के आशीर्वाद से ग्राम गढोला तहसील बटियागढ़ मे जनरल मेजर राजेंद्र सिंह के निर्देशन में उड़ीसा के मनोज सर के पास रहकर अग्निवीर के लिए तैयारी की और सफलता प्राप्त करने मे कामयाबी मिली।

## अग्निवीर सुनील सिंह ट्रेनिग करके लौटने पर किया स्वागत



**दमोह।** दमोह जिले के एक छोटे से ग्राम गोलापटी के युवा अग्निवीर सुनील सिंह ट्रेनिग करके पहली बार गांव पहुँचे। इस दौरान अग्निवीर श्री सिंह का ग्राम आने की खुशी में माता-पिता, ग्राम में हर्षोल्लास का माहोल रहा। दमोह जिले के एक छोटे ग्राम गोलापटी से यह पहले युवा हैं, जिनका चयन अग्निवीर में हुआ। युवा अग्निवीर की इस उपलब्धि में विशेष मार्गदर्शन शिक्षक भरत अहिरवार का विशेष मार्गदर्शन रहा। स्वागत के दौरान चतुर्भुज दुबे, पंकज अहिरवार, दिनेश कुमार परस्ते, कपिल रोहित, राहुल एवं समस्त ग्रामीणजन, क्षेत्रवासी, युवा शामिल रहे।

# कदम संस्था ने रोपण किया 1002 वां पौधा



**दमोह।** पिछले 19 सालों से शहर को हरा भरा करने में लगी सामाजिक संस्था कदम ने आज जिला आयुष कार्यालय में 1002 वां पौधारोपण किया जिसमें एडवोकेट मंजूषा चौबे,शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने अपना जन्मदिन एवं रेखा राहुल जैन ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण किया संस्था द्वारा डॉक्टर प्रहलाद पटेल,पत्रकार अकरम खान,एडवोकेट मुकेश जैन,कमला निषाद,आशा खरे,प्राची चौबे,आसिफ अंजुम के जन्मदिन व पूजा पंकज खरे एडवोकेट,अंजू अजय खत्री की वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण किया। सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया एवं सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। एडवोकेट दीपमाला सैनी ने कदम संस्था की आजीवन सदस्य ग्रहण की इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर केदारनाथ शर्मा ने कहा कुछ लोग एक दिन को स्पेशल बनाने के लिए पौधारोपण करते हैं और फोटो खिंचवाकर उस पौधे को भूल जाते हैं। मगर कदम संस्था पिछले 19 सालों से हर रविवार को लोगों के जन्मदिन सालगिरह पर पूर्णता निशुल्क पौधारोपण करती है हाजी अमजद डायमंड ने कहा आपकी संस्था के बारे मे काफी समय से न्यूज के माध्यम से जानकरी मिलती रहती थी पर आज पौधारोपण कार्यक्रम मे आकर बहुत अच्छा लगा। संस्था प्रमुख दीपक सेन ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया विशेष उपस्थिति राधेश्याम नेमा,डॉक्टर केदारनाथ शर्मा,राहुल टंडन,एडवोकेट दीपक श्रीवास्तव,राहुल जैन रोमी,दीपक पटेल,संदीप खरे,रानू खान,आसिफ खान,दिग्विजय सेन की विशेष उपस्थिति रही।

# स्वच्छता ही सेवा: जटाशंकर मंदिर में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा का 50 वां सप्ताह के अंतर्गत जटाशंकर मंदिर परिसर में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा दमोह में सफाई अभियान चल रहा था उसके 50 वा सप्ताह के बाद औपचारिक रूप से इसको समापन किया जा रहा है और समय-समय पर जहाँ पर आवश्यकता होगी तो सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा इस सफाई अभियान में सहयोग करें। घर की महिलाएं घर के कचरे को गीला कचरा और सूखा कचरा दो प्रकार से अलग करें और नगरपालिका की गाड़ी आती है उसमें ही डालें और अपने घर का कचरा दूसरे के सामने ना डालें।




उन्होंने कहा शहर के सभी दुकानदार से भी मेरी अपील है कि वो अपनी दुकान का कचरे को डस्टबिन में या नगरपालिका की गाडी में ही डालें ताकि हमारा दमोह से स्वच्छ रहे स्वस्थ्य रहे। नरेन्द्र दुबे ने कहा 01 साल पहले स्वछता अभियान चलाया गया था। प्रति इतवार जो कार्यक्रम होता था रविवार को उसका मकसद यही था की लोगों मं जनजागरुकता आए। सफाई का लोगों में संस्कार बन जाए। निश्चित रूप से इस अभियान से जनमानस में एक स्वच्छता के प्रति चेतना जागृत होगी और हम कोशिश करेंगे की ये अभियान अपने स्तर पर जारी रहे और आम लोगों में स्वच्छता के संस्कार आ जाए।

मोंटी रैकवार ने कहा आज से एक वर्ष पूर्व से लगातार साप्ताहिक अभियान की शुरुआत की गई थी और यह साप्ताहिक अभियान शहर में एक और जन जागरण और चर्चा का विषय रहा की जो साप्ताहिक टीम हैं, वह आज कहा जाएगी और आज इसकी एक अनऔपचारिक समापन हैं लेकिन यह अभियान अनवरत चलता रहेगा। मंदिर के पुजारी मोनू पाठक ने कहा आप सभी लोगों से मंदिर या धार्मिक स्थानों को साफ-सफाई रखें, अपने परिसर को साफ रखें, स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

# स्टाप डैम निर्माण में अनियमितताओं के बावजूद कार्यवाही नहीं कर रहा वन विभाग



**बनवार।** जबेरा जनपद की तेजगढ़ रेंज की करनपुरा बीट में हारट और जोगीखेड़ा में स्टॉप डैम निर्माण का निर्माण बीते चार वर्ष से पूर्ण नहीं हुआ और रनिंग कार्य में अनियमितताएं उजागर होने के बावजूद विभाग द्वारा लीपापोती की जा रही है। इससे आम जनता में निराशा बढ़ रही है और विभाग की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल मामला है जल संरक्षण के लिए स्टॉप डैम निर्माणों के नाम पर वन विभाग द्वारा की गई धांधली का जहां शासन को लाखों रुपए की चपत लग चुकी है और निर्माणकाल में ही स्टॉप डैम क्षतिग्रस्त पड़े हुए है। दीवारें वारिश पानी से ही बह गई। और जमीन छोड़कर स्ट्रक्चर हवा में टंगा हुआ जहां पानी की एक बूंद रुकना मुश्किल हो नहीं नामुमकिन है जिससे जल संरक्षण के लिए बनाए गए। स्टॉप डैम का उद्देश्य लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद पूरा होता नहीं दिख रहा है। क्योंकि स्टॉप डैम निर्माण में आर सीसी नहीं डाली गई। बोल्डरों पत्थरों को भरकर बनाए गए। इस स्टॉप डेम में लोहा सीमेंट कंक्रीट की उपयोग की जगह नींव में पत्थर के बोल्डर दिखाई दे रहे है जिसकी शिकायतें उपवन मंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा रेंजर तेजगढ़ और डीएफओ दमोह से की गई। लेकिन निर्माण में गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। हवा में झूल रहे स्टॉप डैम के स्ट्रक्चर को छुपाने के लिए दिन भर जेसीबी चलवाकर मुरम का पुराव कर लीपापोती का कार्य करवा दिया है। जबकि इस मामले की जांच उपवन मंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा प्रतीक दुबे एवं तेजगढ़ रेंजर ने मौके पर पहुंचकर की गई। घटिया निर्माण की हकीकत स्टॉप डैमो की क्षतिग्रस्त स्थिति खुद बा खुद बता रही है। वावजूद इसके भ्रष्टाचार और अनियमिताओं के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलाने की बजाय लीपापोती की जा रही है। डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे का कहना है वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश अनुसार स्टॉप डैम की मिट्टी कटाव वाली जगह में मिट्टी भराव करवा दिया। मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है इससे अधिक हमें कुछ पता नहीं।

# ग्राम हर्रई एवं बैलढाना रैयत में 40 लाख रुपये की लागत से बनेंगे सामुदायिक भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्राम के लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए यह उपयुक्त साबित होगा। गांव के लोगों को विवाह शादी करने में बहुत परेशानी होती है, क्योकि पहले के समय में गांव के स्कूलों में बारात रुक जाती थी। लेकिन अब बारात के लिए स्कूल मिलना बंद हो गए है। इसलिए मैने संकल्प लिया कि विधानसभा के प्रत्येक ग्राम में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएं जिससे शादी विवाह के साथ अन्य सामाजिक कार्य संपन्न हो सके। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम हर्रई में 25 लाख एवं बैलढाना रैयत में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन करते हुए व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा अभी तक विधानसभा में ऐसे 40 भवनों की स्वीकृति हो चुकी और आने वाले समय में और भवनों की स्वीकृत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा सभी भवनों का निर्माण उच्च गणवत्ता के साथ किया जाए। सरकार ने राशि पर्याप्त दी है, अगर किसी प्रकार से कोई लापरवाही सामने आती है तो मुझे सूचित किया जाए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### किसान खेती से जुड़ी नई तकनीक से जुड़ी जानकारी प्राप्त करे-विधायक उमादेवी खटीक

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत का सपना साकार करने की पहल का असर दिख रहा-सांसद

**दमोह।** जिले की हटा तहसील के ग्राम देवरी फतेहपुर में आयोजित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, हटा विधायक उमादेवी खटीक विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। इस दौरान किसानों को फसल में दवा छिड़काव को सुविधाजनक बनाने के लिए ड्रोन सिस्टम चलाकर दिखाया गया।




इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा यह पहला मौका है जब किसान ओर विज्ञान एक साथ है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत का सपना साकार करने की पहल का असर दिख रहा है। उन्नत और नई तकनीक से की गई खेती किसानों को समृद्धशाली बनाएगी ओर यह सोच इस सपने की नींव है। उन्होंने कहा पहली बार यह मौका है जब भारत देश के 16 हजार कृषि से जुड़े वैज्ञानिक मैदानी अमले ने पहुंचकर किसानों को मिट्टी, फसल उत्पादन सहित अन्य जानकारी दें रहे है, इसी के लिए सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। विज्ञान, अनुसंधान, किसान सब एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। सांसद श्री लोधी ने कहा धीरे धीरे प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाए। केमिकल रसायनों के उपयोग से बचे। गांव -गांव में घर तक ओर खेतों तक पानी पहुंचेगा। केन- वेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश को लाभ होगा। हटा के 148 गांव भी लाभान्वित होंगे। नर्मदा सुनार लिंक से नर्मदा का पानी यहां पहुंचेगा। विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि हमारी सरकार ने कृषि वैज्ञानिकों को हमारे बीच भेजा है ताकि किसान खेती से जुड़ी नई तकनीक, बेहतर फसल उत्पादन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सके। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गौ सेवा ओर भगवान बलराम ने हल मतलब खेती का संदेश दिया है। जिला ओर ब्लॉक स्तर पर मृदा परीक्षण केंद्र खोले गए जिनका लाभ लेकर किसान खेती करे। इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, डा. रामगोपाल सोनी, अभिषेक जैन, लक्ष्मण तिवारी, विष्णु सोनी, गोपाल पटेल गंगाराम पटेल, गोविंद पटेल, खूबचंद पटेल, रामकुमार पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र से डा. मनोज कुमार अहिरवार, उप संचालक कृषि जे एल प्रजापति, अमित उपाध्याय मृदा वैज्ञानिक जबलपुर, के के वर्मन खरपतवार विशेषज्ञ, एम पी सरवैया, अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में किसान ओर ग्रामीणजन उपस्थित रहे।